**हकीकत** ▶ नगर और उपनगरीय क्षेत्रों के मार्ग हुए बदहाल, आवागमन हुआ मुश्किल

# बारिश के बाद नगर निगम के इंतजामों की खुली पोल










**नवभारत,कटनी।** बारिश का सीजन खत्म होने के बावजूद शहर की सड़कों की हालत सुधरने के बजाय और खराब होती जा रही है। वहीं अब जब दोबारा बेमौसम बारिश का दौर शुरू हुआ है, तो नगर निगम के इंतजामों की पोल खुलकर सामने आ गई है। शहर की मुख्य सड़कों से लेकर कॉलोनियों और उपनगरीय क्षेत्रों तक सड़कों पर गड्ढे और धूल का साम्राज्य है। अब बारिश से कीचड़ मच गया। लोगों को हर दिन जानलेवा गड्ढों और उखड़ी सड़कों से होकर गुजरना पड़ रहा है।

शहर की प्रमुख सड़कों की बात करें तो बरगवां से झंझरी तक सड़क कई स्थानों पर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुकी है। जगह-जगह गहरे गड्ढे बने हुए हैं, जिनसे वाहन हिचकोले खाते हुए गुजरते हैं। बारिश में इन गड्ढों में पानी भर जाने से दलदल जैसी स्थिति बन जाती है, जबकि सूखे मौसम में यही सड़कें धूल उड़ाकर लोगों के लिए सांस लेना मुश्किल कर देती हैं। मरम्मत का प्रस्ताव कागजों में सीमित-नगर निगम प्रशासन ने हाल ही में लगभग 1 करोड़ 8 लाख रुपए की लागत से जर्जर सड़कों की मरम्मत का प्रस्ताव तैयार कर रहा है, लेकिन इस पर अमल की गति बेहद धीमी है। प्रस्ताव सिर्फ फाइलों में घूम रहा है जबकि जमीनी स्तर पर हालात जस के तस बने हुए हैं।

### यहां पर है अधिक समस्या

शहर के सुभाष चौक, कचहरी चौक, जिला अस्पताल रोड, माधवनगर मार्ग, कृषि उपज मंडी मार्ग, बस स्टैंड से चाका मार्ग तक की सड़कों की हालत भी दयनीय है। स्टेशन चौराहा, नई बस्ती रोड और अन्य मुख्य सड़कों पर भी सड़कें उखड़ी पड़ी हैं। इन मार्गों पर बने मानकों के विपरीत ब्रेकर और अधूरी सीवर लाइन का काम लोगों के लिए और परेशानी का कारण बन गया है।

### सीवर लाइन कार्य बना सिरदर्द

नगर निगम द्वारा किए जा रहे सीवर लाइन बिछाने के कार्य ने शहर की सड़क व्यवस्था को पूरी तरह अस्त-व्यस्त कर दिया है। कई स्थानों पर सड़क खोदने के बाद उसकी मरम्मत नहीं की गई, जिससे वाहन चालकों को गड्ढों और उबड़-खाबड़ सड़कों से जूझना पड़ रहा है। नागरिकों का कहना है कि निगम अफसरों को न तो सड़कों की स्थिति की चिंता है और न ही जनता की परेशानी का एहसास। सबसे अधिक समय बरगवां व नई बस्ती सहित माधवनगर क्षेत्र में है।

### धूल, कीचड़, गड्ढों से जनता का जीना दुश्वार

सड़कों पर धूल, कचरा, कीचड़ और गड्ढों अब आम नज़ारा बन चुके हैं। कई जगह हादसों की संभावनाएं बनी रहती हैं। नागरिकों का कहना है कि नगर निगम के अधिकारी सिर्फ योजनाओं की घोषणा तक सीमित हैं, जबकि सड़कों की मरम्मत और रखरखाव पर कोई ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। शहर की जनता अब जिम्मेदारों से सवाल पूछ रही है कि आखिर कब तक उन्हें इन बदहाल सड़कों पर अपनी जान जोखिम में डालकर सफर करना पड़ेगा। बारिश के बाद सड़क सुधार का दावा करने वाला निगम अब फिर से बेमौसम बारिश में अपनी तैयारी का असली चेहरा दिखा रहा है।



## सेंट्रल लेबर एवं पीएफ कमिश्नर से रेलवे के ठेकेदारों की शिकायत

**नवभारत,कटनी।** रेल विभाग में कार्यरत ठेकाकर्मियों को न्यूनतम वेतन,पीएफ,ग्रेच्यूटी, ईएसआईसी,हेल्थ एंड सेफ्टी जैसी सुविधाओं का लाभ दिखवाने भारतीय मज़दूर संघ ने केंद्र सरकार के क्षेत्रीय श्रमायुक्त एवं भविष्य निधि श्रमायुक्त से शिकायत की और पत्र सौंपा।

संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जबलपुर संभाग प्रभारी कमलेश पटेल ने उक्त अधिकारियों को एक माँग पत्र सौंपा और रेल विभाग में कार्यरत ठेकाकर्मियों की समस्याओं से अवगत कराया। उन्होंने अपनी शिकायत में बताया कि बिना पीएफ जमा कराए ठेकेदार, रेलवे के अधिकारियों से अपने बिल बाउचर में साइन करा लेते हैं जिससे अधिकारियों के साथ ठेकेदारों की आपसी मिलीभगत दिखती है। पीएफ,ईएसआईसी, न्यूनतम वेतन,हैल्थ एंड सेफ्टी जैसी सुविधाएँ उपलब्ध न कराना,श्रम कानूनों का उल्लंघन है और ऐसा करने वाले ठेकेदार एवं अधिकारियों पर कड़ी कार्यवाही होनी चाहिए। श्री पटेल ने अपनी शिकायत में इस बात का भी उल्लेख किया है कि बेरोजगारी के चलते नव युवक आधे वेतन में भी काम करने को तैयार रहते हैं। ठेकेदार मजदूरों के बैंक खाते में वेतन तो पूरा डालता है लेकिन पासबुक और एटीएम कार्ड अपने पास रखते हैं और विभाग के द्वारा राशि डालने के बाद आधे से ज्यादा राशि ठेकेदार के द्वारा निकलवा ली जाती है। जो मज़दूर इसका विरोध करता है उसको बाहर का रास्ता दिखा दिया जाता है। पीएफ , ईएसआईसी जैसे लाभ मजदूरों को न मिल पाना, रेल विभाग के अधिकारियों पर बड़ा सवाल खड़ा करता है। ऐसे अधिकारी शासन की छवि धूमिल करने का कार्य करते हैं। दोनों कमिश्नर ने शीघ्र कार्यवाही का आश्वासन दिया है।



## 2 गुटखा व्यापारियों पर सीजीएसटी की छापामार कार्रवाई

### दस्तावेजों की जांच जारी

**नवभारत,कटनी।** भारत सरकार के केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर (ष्ट्ठस्ज्ञ) विभाग की टीम ने शुक्रवार को कटनी शहर में बड़ी कार्रवाई करते हुए दो गुटखा व्यापारियों के प्रतिष्ठानों पर छापामार कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान टीम ने प्रतिष्ठानों के शटर बंद कर अंदर जांच शुरू कर दी।

सूत्रों के अनुसार, विश्वकर्मा पार्क स्थित विमल गुटखा के व्यापारी हरीश और हरिओम ट्रेडर्स के संचालक सुरेश आहूजा, जो रजनीगंधा, तानसेन सहित अन्य ब्रांडेड गुटखा उत्पादों के थोक विक्रेता हैं, उनके ठिकानों पर यह छापेमारी की गई। टीम द्वारा कारोबार से जुड़े दस्तावेजों, लेन-देन और कर संबंधी रिकॉर्ड की बारीकी से जांच की जा रही है। इस दौरान ष्ट्ठस्ज्ञ अधिकारियों के साथ स्थानीय पुलिस बल भी मौके पर मौजूद रहा ताकि जांच कार्यवाही शांतिपूर्वक पूरी की जा सके। हालांकि, अभी तक विभाग की ओर से आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। कार्रवाई फिलहाल जारी है और विस्तृत जानकारी की प्रतीक्षा की जा रही है।

## हादसे के बाद भी नहीं चेता प्रशासन : अल्फर्ट गंज से हीरागंज तक फैला कारोबार

▶ बीच शहर में कबाड़ का कारोबार, सड़क तक फैली सामग्री से अवरुद्ध होता है मार्ग





**नवभारत,कटनी।** कुछ माह पहले जबलपुर में हुए भीषण ब्लास्ट हादसे के बाद शहर प्रशासन ने कबाड़ कारोबार पर सख्ती दिखाई थी, लेकिन कुछ ही समय बाद कटनी शहर में कबाड़ कारोबार फिर से खुलकर चलने लगा है। बीच शहर कॉलोनी, अल्फर्ट गंज, तिलक कॉलेज रोड, हीरागंज और बरगवां सहित शहर व उपनगरीय क्षेत्र में जगह-जगह कबाड़ की दुकानें फिर सक्रिय हो गई हैं।

स्थानीय लोगों ने बताया कि इन दुकानों के बाहर कबाड़ का अंबार लगाकर सड़क तक अवरुद्ध कर दी जाती है, जिससे लोगों को आवाजाही में परेशानी होती है। कई दुकानों में गैस सिलेंडर, इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों, तारों और धातुओं को गलाने या काटने का कार्य खुलेआम किया जा रहा है, जो गंभीर हादसों को न्योता दे सकता है। पहले बंद हुई थीं दुकानें, अब फिर चालू-जबलपुर के गोहलपुर क्षेत्र में हुए ब्लास्ट के बाद कटनी पुलिस और प्रशासन ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए शहर की एक दर्जन से अधिक कबाड़ दुकानों पर ताले लगाए थे। लेकिन कुछ ही सप्ताह बाद इन दुकानों ने फिर से मनमानी शुरू कर दी है। नगर निगम, राजस्व विभाग, पुलिस और जिला प्रशासन की अनदेखी से कारोबारियों के हौसले बुलंद हैं।

### चोरी के कबाड़ के लेन-देन की भी आशंका

सूत्रों के अनुसार, शहर की कई कबाड़ दुकानों में चोरी का सामान भी खरीदा और बेचा जा रहा है। इसके बावजूद संबंधित विभागों द्वारा कोई जांच या कार्रवाई नहीं की जा रही है। नागरिकों का कहना है कि प्रशासन की चुप्पी ने इन कारोबारियों को खुली छूट दे दी है।

### क्षेत्रवासियों की बढ़ी परेशानी

बीच शहर कॉलोनी और आसपास के क्षेत्रों के लोग लंबे समय से इस अव्यवस्था से परेशान हैं। वहां रहने वाले लोगों ने बताया कि दुकानों के आसपास कचरे और धातु के टुकड़ों से गंदगी फैलती है, जिससे स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं। इसके अलावा रात के समय ट्रक और ठेले में कबाड़ लाने से ध्वनि प्रदूषण भी बढ़ रहा है।

### प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग

नागरिकों ने कलेक्टर और एसपी से मांग की है कि इन अवैध कबाड़ दुकानों पर पुन: छापामार कार्रवाई कर स्थायी समाधान निकाला जाए। साथ ही जिन दुकानों में चोरी का कबाड़ पाया जाए, उन पर एफआईआर दर्ज कर लाइसेंस निरस्त किए जाएं। कबाड़ा कारोबार को आबादी से दूर कराया जाएगा। शहरवासियों का कहना है कि जब तक प्रशासन ठोस कदम नहीं उठाएगा, तब तक यह खतरनाक कारोबार बीच शहर में लोगों की सुरक्षा के लिए खतरा बना रहेगा। सड़क व सार्वजनिक स्थल पर कबाड़ कारोबार में नगर निगम को कार्रवाई करना चाहिए। एक बार फिर टीम बनाकर जांच कराई जाएगी। मनमाने कारोबार पर अंकुश लगाएंगे।




## पीएम श्री बालक माध्यमिक शाला रीठी के छात्र ने राज्य स्तरीय डिस्कस थ्रो में दिखाया दमखम

**नवभारत, रीठी।** खेलों के क्षेत्र में एकबार फिर रीठी के बेटे ने इतिहास रच दिया है और इंदौर में दमखम दिखाकर नगर के साथ-साथ अपने माता-पिता का नाम रोशन किया है। रीठी निवासी छात्र हामिद खांन ने इंदौर में आयोजित अंडर 14 में राज्य स्तरीय डिस्कस थ्रो प्रतियोगिता में रीठी विकास खंड का प्रतिनिधित्व किया है। इंदौर में आयोजित प्रतियोगिता से रीठी विकास खंड से 35.50 मीटर थ्रो कर द्वितीय स्थान हासिल कर अपने रीठी नगर को गौरवान्वित किया है। हामिद खांन का नेशनल के लिए सलेक्शन हो गया है। संस्था के होनहार छात्र की इस सफलता पर प्रधानाध्यापक प्राण सिंह, कृष्ण कुमार गुप्ता, अंजना शुक्ला, शालिनी सकवार, पुष्पलता मिश्रा, अतिथि शिक्षक सोनू विश्वकर्मा, सतेंद्र विश्वकर्मा एवं गुमान यादव सहित क्षेत्रीय लोगों ने गर्व व्यक्त किया है एवं उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## बजरंग दल आज से चलायेगा रेडियम बेल्ट महा अभियान

**उमरियापान, नवभारत।** विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल प्रखंड उमरियापान के द्वारा 1 नवंबर से 7 नवंबर तक रेडियम बेल्ट महाअभियान चलाया जाएगा । बजरंग दल के पदाधिकारी द्वारा बताया गया है की रेडियम बेल्ट महाअभियानज्ञ एक सड़क सुरक्षा पहल है जिसका उद्देश्य आवारा मवेशियों (गायों) को रात में सड़क पर आसानी से दिखाई देना है, ताकि सड़क दुर्घटनाओं को रोका जा सके । इस अभियान के तहत, मवेशियों के गले में रेडियम बेल्ट बांधी जायेगी, बेल्ट से न केवल मवेशियों की सुरक्षा होती है, बल्कि सड़कों पर वाहन चालकों और सवारियों को भी दुर्घटनाओं से बचाया जाता है। यह महाअभियान विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल प्रखंड उमरियापान द्वारा चलाया जाएगा ।

## जल्द बनेगा विपदा में घिरे लोगों के लिए हेल्पिक हैंड फाउंडेशन : संजय पाठक

### विधायक के जन्मदिन पर रक्तदान, स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया



**नवभारत, कटनी।** भाजपा के विजयराघवगढ़ विधायक पूर्व मंत्री संजय पाठक का जन्म दिन आज सेवा कार्यों के साथ मनाया गया एक दिन पहले ही कैमोर में बजरंग दल तथा भाजपा पदाधिकारी की गोलीमार कर हत्या से दुखित विधायक पाठक ने जन्मदिन पर न सिर्फ सेवा कार्य जैसे स्वास्थ्य परीक्षण शिविर, रक्तदान शिविर, नेत्र जांच शिविर के साथ बिना किसी उत्साह अत्यंत सादगी के साथ जन्मदिन मनाने की अपील की थी, वरन स्व.नीलेश नीलू रजक के बेटे बेटियों के लिए जन्मदिन में होने वाले खर्च की जगह उस पर पीड़ित परिवार की मदद का लोगों से आग्रह किया था।

**धनराशि को नीलू की बेटी बेटियों को सहयोग के रूप में अर्पण का आव्हान**-आज निवास पर पहुंचे शुभचिंतकों से न तो उन्होंने किसी तरह के पुष्प गिफ्ट केक आदि स्वीकार किये न ही फूल मालाओं से स्वागत कराया बल्कि इसकी धनराशि को नीलू रजक की बेटी बेटियों को सहयोग के रूप में अर्पण का आव्हान किया, जिसे लोगों ने स्वीकार करते हुए सहयोग स्वरूप यथानुसार यह राशि बच्चों के लिए रखे सहयोग पात्र में अर्पण की। इसके उपरांत विधायक पाठक निर्मल सत्य गार्डन में लगे विशाल रक्तदान एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में पहुंचे यहां भी उन्होंने नीलू रजक को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए लोगों से नीलू के परिवार के लिए सहयोग की अपील की ।

**रक्तदान शिविर में सैकड़ों लोगों की सहभागिता, 351 यूनिट ब्लड डोनट हुआ**-निर्मल सत्य गार्डन में लगे विशाल रक्तदान शिविर में 351 लोगों ने रक्तदान किया। जिसे कटनी जिला रक्तकोष एवं जबलपुर के विक्टोरिया हॉस्पिटल के रक्त कोषागार में जमा किया इसके अलावा शेल्बी अस्पताल के सौजन्य से स्वास्थ्य परीक्षण शिविर जो समाचार लिखे जाने तक जारी था। यहां हजारों लोगों ने स्वास्थ्य जांच करवाई। गार्डन परिसर में ही सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय चित्रकूट के द्वारा आयोजित नेत्र परीक्षण शिविर का लाभ भी जरूरतमन्दों ने लिया।

यहां मीडिया से बात करते हुए विधायक संजय पाठक ने कहा कि यह सेवा किसी के जीवन बचाने में काम आए, बस इसी संकल्प को मन मे रख कर यह सब किया गया। विपदा में घिरे कार्यकर्ताओं, गरीबों की विपरीत परिस्थितियों पड़ने वाली आर्थिक जरूरतों की मदद के लिए एक हेल्पिक हैंड फंड फाउंडेशन बनाने का विचार बन रहा है जिसमें सभी के सहयोग से फंड इक्कठा किया जाएगा और विपरीत परिस्थितियों में घिरे जरूरत मंद को आर्थिक सहयोग किया खून की कमी से किसी की मृत्यु न हो यही इन शिविर का सफल उदेश्य होगा।

**नीलू के परिवार को कोई कमी न हो इसके लिए हाथ बढ़ा सकते हैं**-साथ ही उस पीड़ित परिवार की मदद जिसका पालन पोषण करने वाला दुनिया से चला गया उस नन्ही बेटी ओर बेटे बहु बुजुर्ग मां का लोगों के सहयोग से दुख बांटने में सहयोग होगा हम नीलू को लौटा नहीं सकते मगर उसके परिवार को कोई कमी न हो इसके लिए हाथ बढ़ा सकते हैं।

**धर्म** ▶ महापौर ने वेंकटेश सत्संग भवन में आयोजित श्री राम कथा का श्रवण कर कथा व्यास से लिया आशीर्वाद

## नगर की सुख-समृद्धि एवं आपसी सद्भाव के लिए की मंगलकामना





**कटनी।** महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने विगत दिवस श्री वेंकटेश सत्संग समिति कटनी के संयोजन में अखिल भारतीय श्रीस्वामी सीतारामाचार्य भागवत गोष्ठी न्यास द्वारा वेंकटेश भवन नई बस्ती में आयोजित श्री राम कथा स्थल पहुंचकर श्रद्धा एवं भक्ति भाव से कथा का श्रवण करते हुए भगवान श्रीराम, माता सीता एवं कथा व्यास श्री रामकृष्णाचार्य जी महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया।

उन्होंने इस अवसर पर नगर के नागरिकों के सुख, समृद्धि एवं मंगल की कामना करते हुए कहा कि ऐसी धार्मिक कथाएं समाज में सद्भाव, संस्कार एवं आस्था को सुदृढ़ करती हैं। इस दौरान जिला भाजपा अध्यक्ष दीपक टंडन सोनी, मेयर इन काउंसिल सदस्य सुभाष साहू, जयनारायण निषाद, श्रीमती बीना संजू बैनर्जी, पार्षद वंदना राजकिशोर यादव, पूर्व पार्षद पार्वती निषाद, सहित स्थानीय गणमान्य नागरिकों की मौजूदगी रही।

महापौर श्रीमती सूरी ने कथा स्थल पर श्रद्धालुओं के बीच बैठकर श्री राम हनुमान मिलन एवं सुग्रीव शरणागति के अमृत वर्णन का श्रवण किया, तथा कथा आयोजकों से भेंट कर नगर में धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों के माध्यम से जनजागृति एवं सामाजिक एकता के संदेश के लिए साधुवाद व्यक्त किया। महापौर श्रीमती सूरी ने कहा कि च्भगवान श्रीराम की जीवन लीला हमें धर्म, कर्तव्य और मर्यादा का संदेश देती है। जब नगरवासी इन आदर्शों को अपने जीवन में अपनाते हैं, तब नगर में स्वत: शांति, सौहार्द और विकास वातावरण निर्मित होता है।

## इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि पर श्रद्धासुमन अर्पित

**नवभारत, कटनी।** राष्ट्र नेत्री,पूर्व प्रधानमंत्री, इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि एवं लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के जन्मदिन के अवसर पर अपने दोनों नेताओं को कांग्रेस नेताओं ने श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए यह प्रण लिया कि हम राष्ट्र नेत्री इंदिरा गांधी एवं लोह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के आदर्श विचारों कांग्रेस विचारधारा पर कार्य करते हुए देश के विकास में योगदान देंगे। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अमित शुक्ला, वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजा जगवानी, पूर्व पार्षद राजेश जाटव, आफताब अहमद, ठाकुर रंजीत सिंह, डॉ आनंद पटेल, जितेंद्र गुप्ता, श्याम पाहुजा, ओमप्रकाश कुशवाहा, मुन्ना भैया, विजय मंगल चौधरी, मनोज निगम, अजय जैसवानी, अजय गोटिया, रमेश अहिरवार, श्याम यादव, दिग्विजय सिंह, संजय गुप्ता, नारायण निषाद अशोक बहलानी मुकेश मिश्रा अभय खरे नमन विश्वकर्मा, हर्षित मिश्रा, आदि की उपस्थिति रही।




धर्मलोक हॉस्पिटल
A unit of Dharmlok Hospital Pvt. Ltd.
AN ISO 9001 : 2015 CERTIFIED

दूरबीन से पित्त की पथरी की सर्जरी, दूरबीन से अपेंडिक्स सर्जरी, दूरबीन से ओपन पेट की सर्जरी, उन्नत तकनीक (स्टेपलर/लेटर) के फिस्टुला सर्जरी, स्तन सर्जरी, किडनी/ प्रोस्टेट/मूत्रालशय सर्जरी, मधुमेह पैर की देखभाल/सर्जरी, तीव्र और जीर्ण घाव प्रबंधन।

सामान्य एवं सिजेरियन डिलीवरी, अंडेदानी की गठान, उच्च जोखिम वाली गर्भावस्था, नि:संतानता, बच्चेदानी निकालना, सफेद पानी का इलाज, गर्भवती महिलाओं की सोनोग्राफी, बार-बार गर्भपात होना, पॉलिसिस्टिक ओवेरियन डिजीज/सिंड्रोम।

डॉ. राजेश बत्रा
एम.एस., एफ.एम.ए.एस., एफ.आई.ए.जी.ई.एस., एफ.ए.आई.एस.
जनरल और लैप्रोस्कोपिक सर्जन



डॉ. हर्षा बत्रा
एमडी (ओबीजी) सोनीग्राफी डिप्लोमा
स्त्री, प्रसूति एवं बांझपन विशेषज्ञ

आयुष्मान कार्डधारी मरीजों का एवं हेल्थ इंश्योरेंस कार्ड धारी मरीजों का नि:शुल्क इलाज किया जाता है।
ओपीडी सुबह 11:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक
पता-आदर्श कालोनी रोड, कटनी (म.प्र.)
Ph. 07622-422390, 796084 Help line 24x7: 8305402024